Need to sanction construction of railway line between Khamgaon and Jalna in Buldhana Parliamentary Constituency ? laid

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): मेरा संसदीय क्षेत्र बुलढाणा एक अति पिछड़ा हुआ जिला है। में माननीय रेल मंत्री जी का ध्यानाकर्षण कराना चाहता हूँ कि खामगांव - जालना रेलवे मार्ग की स्वीकृति शीघ्रातिशीघ्र देने की कृपा करें। इस संबंध में डीपीआर भी हो चुका है और महाराष्ट्र सरकार ने भी 50 प्रतिशत भागीदारी की स्वीकृति दे दी है। इसका आश्वासन मेरे लोक सभा क्षेत्र में अपनी चुनाव रैली में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा भी दिया गया था। इस संबंध में विगत 29 अप्रैल 2023 को एक मीटिंग भी हो चुकी है, जिसमें छोटी-मोटी खामियों को सुधार हेतु कहा गया है। इस हेतु प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही हेतु निर्देशित करने की कृपा करें। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र/जनपद बुलढाणा में खामगांव - जालना रेलवे मार्ग की स्वीकृति शीघ्रातिशीघ्र देने की कृपा करें। धन्यवाद।